nandgaon times JULAI-05-3.qxd 7/4/2025 11:59 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 05 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 255, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## नये भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर एवं च्क्वांटम कंप्यूटिंगज् संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को प्रवासी भारतीयों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है और इसके विकास एवं प्रगति का लाभ च्सर्वाधिक जरूरतमंदोंज्ज् तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री पांच देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रह रहे भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा, च्उन्होंने अपनी धरती छोड़ दी लेकिन अपनी आत्मा नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, च्उन्होंने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। उन्होंने अपनी मिट्टी छोड़ी लेकिन अपनी आत्मा नहीं। वे सिर्फप्रवासी नहीं थे। वे एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे। उन्होंने कहा, च्उनके योगदान से इस देश को लाभ हुआ है - सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से। इस खूबसूरत देश पर



आप सभी का जो प्रभाव है, उसे देखिए। मोदी ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी का कुछ जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, च्आप सभी जानते हैं कि इस साल की शुरुआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ हुआ था। मुझे महाकुंभ का जल भी अपने साथ लाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा, च्मैं कमला जी (प्रधानमंत्री) से अनुरोध करता हूं कि वह सरयू नदी और महाकुंभ के पवित्र जल को यहां गंगा धारा में अर्पित करें। कामना है कि यह पवित्र जल यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाए। मोदी ने कहा कि भारत गिरमिटिया समुदाय का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। गिरमिटिया ब्रिटिश शासन के दौरान भारत से लाए गए बंधुआ मजदूर थे जिन्हें फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरेबियाई देशों के बागानों में काम करने के लिए लाया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और इसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, च्भारत दुनिया की सबसे तेजी से विकास करती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएंगे। भारत के विकास और प्रगति का लाभ सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि गरीबों को सशक्त बनाकर गरीबी को हराया जा सकता है और करोड़ों लोगों में पहली बार यह विश्वास पैदा हुआ है कि देश को गरीबी से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, च्भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से लगभग आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को च्यूनिकॉर्नज् का दर्जा मिला है। उन्होंने कहा, च्एआई, सेमीकंडक्टर और च्क्वांटम कंप्यूटिंगज् के लिए राष्ट्रीय मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। नवोन्मेष एक तरह से जन आंदोलन बन रहा है। मोदी ने भारत के च्यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेसज् (यूपीआई) को भी प्रदर्शित करते हुए कहा कि इसने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, च्दुनिया के लगभग 50 प्रतिशत त्वरित डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। मैं त्रिनिदाद एवं टोबैगो को यूपीआई अपनाने वाला इस क्षेत्र का पहले देश बनने के लिए बधाई देता हूं।

## गुजरात में ईसरो तैयार करेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा स्पेस स्टेशन, 10,000 करोड़ रुपये होंगे खर्च




**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन गुजरात में देश का दूसरा सबसे बड़ा अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगा। यह स्टेशन दीव और वेरावल के बीच स्थापित किया जाएगा। इसकी जानकारी ह्वस्क्रह्र स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक नीलेश देसाई ने दी है। उन्होंने बताया कि यहां से PSLV और SALV जैसे रॉकेट लॉन्च किए जाएंगे। यह भारत के पहले सबसे बड़े अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा के बाद देश की सबसे बड़ी अंतरिक्ष सुविधा होगी, जिससे ISRO की क्षमताएं और बढ़ेंगी। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 10,000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह स्टेशन खास तौर पर संचार, नेविगेशन और रिमोट सेंसिंग से जुड़े मिशनों के लिए काम करेगा। देसाई ने बताया कि अब ISRO अपने 70 प्रतिशत स्पेस प्रोग्राम इन्हीं तीन तकनीकों पर केंद्रित करेगा। गुजरात सरकार ने भी केंद्र की नीति के अनुसार एक नई अंतरिक्ष नीति लागू की है, जिससे राज्य को इस प्रोजेक्ट से आर्थिक और तकनीकी लाभ मिलने की उम्मीद है। भारत 2026 से पहले 52 सैटेलाइट्स का एक नेटवर्क तैयार करेगा, जिनमें से पहला सैटेलाइट अप्रैल, 2026 तक लॉन्च किया जाएगा। ह्वस्क्रह्र खुद 31 सैटेलाइट बनाएगा और बाकी का निर्माण निजी कंपनियां करेंगी। केंद्र सरकार ने ISRO और इन फर्मों को निर्देश दिए हैं कि सभी सैटेलाइट 2029 के अंत तक लॉन्च कर दिए जाएं। इस मिशन से भारत की निगरानी, संचार और डिफेंस क्षमताओं को काफी मजबूती मिलेगी। गुजरात की भूमध्य रेखा के पास होने से रॉकेट लॉन्च के लिए यह स्थान काफी उपयुक्त है, जिससे ईंधन की बचत और सटीक लॉन्च संभव होगा। यह स्टेशन देश की स्पेस क्षमताओं को और मजबूत करेगा। इसके साथ ही, इससे ISRO को ज्यादा सैटेलाइट लॉन्च करने में सुविधा मिलेगी। देसाई ने बताया कि इस नए स्टेशन से गगनयान, चंद्रयान-5 और वीनस मिशन जैसे बड़े प्रोजेक्ट भी पूरे किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री साय ने वॉटर वुमन शिप्रा पाठक का किया सम्मान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वॉटर वुमन के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधरोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर के 6वां स्थापना दिवस आज

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर 5 जुलाई को अपना 6वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रधान संस्थापक व मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान के साथ ही वृक्षारोपण व नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना सेवाएं देंगी। ज्ञात हो कि शहर के वार्ड नंबर 1 बाबुटोला स्थित प्रसिद्ध शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर का 6वां स्थापना दिवस 5 जुलाई शनिवार को मनाया जा रहा है। शक्तिधाम के संस्थापक हरीश यादव ने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष हमारी जनसेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कुछ न कुछ जनसेवा के कार्य आयोजित करती आयी है। हमारी संस्था का मूल उद्देश्य सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाए के चरितार्थ पिछले वर्षो में




**वृक्षारोपण व नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर का भी होगा आयोजन**

भी रक्तदान, वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जहां प्रदेश के दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में भक्तगण रक्तदान करने पहुंचे थे। हमारी सेवा संस्था द्वारा ग्रीष्म में रेल यात्रियों को शीतल पानी पिलाना, वृद्धा आश्रम में भोजन सेवा, अभिलाषा मुकबधीर शाला में लेखनी सामग्री वितरण सहित स्टेशनो व फुटपाथ में रहने वालों को आवश्यक सामग्री भेंट कर सेवा किया जाता रहा है। श्री यादव ने बताया कि इस वर्ष 5 जुलाई शनिवार को शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान का आयोजन किया जा रहा है। वहीं वृक्षारोपण भी किया जायेगा। इस वर्ष मंदिर के दर्शनार्थियों की अपील पर नि:शुल्क आयुर्वेदिक परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना जी सेवा देंगी। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## डोंगरगांव नगर पंचायत में टेंडर को लेकर हंगामा, उपाध्यक्ष और सीएमओ के बीच जमकर विवाद

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत डोंगरगांव में टेंडर प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को जोरदार हंगामा हुआ। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) विनम्र जेमा के बीच तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बन गई। मामला इतना बढ़ गया कि उपाध्यक्ष ने नाराज होकर सीएमओ के चेंबर में रखी फाइलें फेंक दीं और अपनी कुर्सी उठाकर उनके कक्ष में जमा कर दी। पूरा विवाद नगर पंचायत द्वारा जारी सात विकास कार्यों के टेंडर को लेकर हुआ। कुछ ठेकेदारों को निविदा फॉर्म नहीं मिल पाने से नाराज उपाध्यक्ष ने इसे च्चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने की साजिशज्ज् करार दिया। वहीं सीएमओ विनम्र जेमा ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया की बात कही है।

**उपाध्यक्ष का आरोप:**

उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने आरोप लगाया कि, च्सीएमओ ने निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता का उल्लंघन किया है और अपने खास ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने

**कलेक्टर और एसडीएम से की गई शिकायत, पारदर्शिता पर उठे सवाल**

की नीयत से कुछ ठेकेदारों को निविदा फॉर्म ही नहीं दिए। जब इस मामले में जवाब मांगा गया तो सीएमओ ने टालमटोल किया। नगर पंचायत में अब सीएमओ की मनमानी नहीं चलेगी, यह लड़ाई जनता के हित की है।

**सीएमओ का पक्ष:**

सीएमओ विनम्र जेमा ने कहा कि, च्संपूर्ण निविदा प्रक्रिया नियमानुसार और तय समयसीमा में संचालित की गई है। जो ठेकेदार समय पर आवेदन लेकर आए, उन्हें ही फॉर्म दिए गए। कोई भी पक्षपात नहीं किया गया। नगर पंचायत कार्यालय की मर्यादा बनाकर रखनी चाहिए।

**नेता प्रतिपक्ष भी रहे मौजूद:**

घटना के दौरान नेता प्रतिपक्ष सद्दाम खत्री भी मौजूद थे, जिन्होंने उपाध्यक्ष के साथ सीएमओ पर टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया।

**प्रशासन ने कराया मामला शांत:**

घटना की जानकारी देर शाम प्रशासन तक पहुंची, जिसके बाद कलेक्टर और एसडीएम स्तर पर शिकायत की गई। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद देर रात तक दोनों पक्षों को शांत कराया गया।

**टेंडर से वंचित ठेकेदारों की शिकायत:**

पूर्व मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता को भी फॉर्म तो मिला, लेकिन वे समय पर जमा नहीं कर सके। वहीं ठेकेदार सतीष कुमार को फॉर्म नहीं मिल सका। इन ठेकेदारों ने भी उपाध्यक्ष के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है।

यह घटनाक्रम नगर पंचायत की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है और आने वाले दिनों में टेंडर प्रक्रिया की जांच की मांग को और तेज कर सकता है। प्रशासन इस मामले को लेकर क्या रुख अपनाता है, यह देखना बाकी है।

## वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर आज सुबह पहुँचे कन्हारपुरी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह कन्हारपुरी का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर साफसफाई एवं निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कांजी हाउस का जायजा लेकर मवेशियों के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।वार्डो में जाकर वार्डवासियों से मुलाकात करने एवं उनसे मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेने की कडी में महापौर श्री यादव आज सुबह कन्हारपुरी पहुँच वार्डवासियो से रूबरू हो उनके साफसफाई तथा काम के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने शंकर भवन चौक में नाली देख पानी निकासी के लिए आगे नाली बनाने स्थल निरीक्षण किए, वही वार्ड में स्वीकृत कार्य चालू नही होने की शिकायत पर शेड निर्माण के अलावा रोड नाली निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने उप अभियंता श्री अशोक देवांगन को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही नही होनी चाहिए, संबंधित ठेकेदार से सम्पर्क कर तत्काल कार्य प्रारंभ करावे, ताकि उसका लाभ वार्डवासियो को मिल सके। महापौर श्री यादव कन्हारपुरी कांजी हाउस का निरीक्षण किए और वहा की व्यवस्था देख प्रभारी श्री रमेश बघेल से मवेशियो के लिए पर्याप्त चारा पानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी पकडकर काजी हाउस में रखने के पश्चात उसके देख रेख का विशेष ध्यान रखा जाए, नियमित रूप से चारा पानी दिया जाए तथा निर्धारित शुल्क लेकर मवेशी छोडा जावे। उन्होंने काजी हाउस में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ करने कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती मोहनी भारती, पार्षद श्री संतोष साहू, पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता साहू, पार्षद प्रतिनिधि श्री युवराज भारती व श्री संतोष निर्मलकर के अलावा वार्ड के श्री तारा चंद साहू, श्री सोहन लाल साहू, श्री जितेन्द्र देवांगन, श्रीमती रेवती साहू, श्री प्रकाश मारकण्डे आदि उपस्थित थे।

## देवशयनी एकादशी के अवसर पर अर्पण नृत्य समागम चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र का प्रतिष्ठित आयोजन



**संस्कारधानी के बाल एवं युवा कथक नृत्य साधक शीतला मंदिर में अपनी प्रस्तुति देंगे**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की कुलदेवी मां रिद्धि सिद्धि दात्री श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण बुढ़ा सागर सोनारपारा में देवशयनी एकादशी आषाढ़ शुक्ल पक्ष ग्यारस विक्रम संवत 2082 दिनांक छह (6) जुलाई 2025 रविवार को संध्या पांच बजे से च्अर्पण नृत्य समागमज्ज् नृत्य संगीत के द्वारा चातुर्मास के लिए देवी देवता विश्राम करेंगे। इस अवसर पर संस्था के कला साधक अपनी कला साधना के माध्यम से विश्व कल्याण के लिए मंगल कामना नृत्य संगीत के माध्यम से मंगल नृत्य गान करेंगे। ज्ञात हो संस्थान के संस्थापक एवं पद्मविभुषण पं. बिरजू महाराज जी एवं प्रो. कल्याण दास महन्त जी के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा संस्कारधानी में सनातनी कला संस्कृति को युवा एवं बच्चों के बीच संस्कार के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से तिरालीस वर्षो से च्नवाचारज्ज् करते हुए कार्य कर रहे हैं। रायगढ़ नरेश राजा चक्रधर सिंह की स्मृति में एवं संगीत नृत्य में दिए गए राजा साहब जी के



योगदान के लिए चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र की स्थापना की। मध्य भारत, छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव के प्रथम स्तानाक संगीत महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। ज्ञात हो मंदिरों में अर्पण नृत्य समागम कार्यक्रम हर माह के एकादशी अथवा पूर्णिमा को आयोजित करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र अनुठा आयोजन है। प्राचीन भारत में हमारे कला साधक गुरु अपनी कला साधना की प्रथम प्रस्तुति मंदिर के देवी देवताओं को साक्षी मानकर अपनी कला का अर्पण देवालयों में करने का विधान मिलता है। उन्हीं का



अनुसरण करते हुए हमारे नव अंकुरित कला साधक नगर की कुल देवी रिद्धी सिद्धी दात्री हमर माता देवालय मां शीतला के श्री चरणों में अर्पण नृत्य समागन करने जा रही है। संस्कारधानी की सुधी नागरिकों से सुरेश महाराज, राज महाराज, चन्द्रकुमार दुबे भुरु महाराज, रवि महाराज, पियुष महाराज, अंकित महाराज ने अनुरोध किया है कि देवशयनी एकादशी दिनांक 6 जुलाई रविवार 2025 संध्या 5 बजे शीतला माता मंदिर बुढ़ा सागर सोनारपारा राजनांदगांव में पधारकर कार्यक्रम में शामिल हो। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

nandgaon times JULAI-05-3.qxd 7/4/2025 11:59 PM Page 2



# आयुक्त, एस.डी.एम., ए.एस.पी., सी.एस.पी. सहित प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गो में किया पैदल भ्रमण

## दुकान के बाहर सामान रखकर व्यवसाय न करने व्यवसायियों से की अपील, पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा, ए.एस.पी. श्री राहुल शर्मा, सी.एस.पी. श्री पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार श्री अमीय श्रीवास्तव सहित जिला प्रशासन, निगम व यातायात की टीम के साथ फ्लाई ओव्हर तथा शहर के प्रमुख मार्गो गुडाखू लाईन, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर चौक, जयस्तम्भ चौक, जुनीहटरी में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं समान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने दुकानदारो से अपील किए। अधिकारियो एवं टीम के द्वारा पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर का निरीक्षण किया गया।



उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर लाईन, गुडाखू लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, सदर लाईन, जूनी हटरी, फ्ल मार्केट सहित अन्य मार्गो के दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवगमन में असुविधा होती है। शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर गत दिनो चेम्बर आफकामर्स के पदाधिकारियो, व्यापारियों एवं प्रशासन की बैठक लेकर यातायात व्यवस्था में सहयोग करने, दुकान के बाहर समान नहीं रखने अपील किये एवं दुकानदारों को भी समझाईस देने अपील की गयी थी और आज प्रशासन के अधिकारी एंव उनकी टीम शहर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर समान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिये। उन्होंने फ्लाई ओव्हर का भी निरीक्षण कर अवैध ठेला खोमचा हटाने संबंधित को समझाईस दिए तथा लंबे समय से खडे वाहन हटाने कहा। जिससे फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की जा सके। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शहर के व्यस्तम मार्गो के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान की सीमा के बाहर प्लेटफार्म तथा सडक पर सामान रखकर व्यवसाय किया जाता है तथा कपडा व अन्य सामान बाहर लटकाया जाता है, जिससे पार्किंग में असुविधा होने के साथ साथ यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा दुकान में भी खरीददार पार्किंग के अभाव एवं खडे होने की जगह नहीं होने पर उक्त दुकान में खदीददारी करने नहीं जाते, जिससे दुकानदारों को भी नुकसान होता है। इन्ही बातो को ध्यान में रखकर जिलाधीश महोदय के निर्देश पर बैठक उपरांत आज व्यपारियों को उनके दुकान में जाकर समझाईस दी गयी एवं कहा गया कि कल से व्यवस्था सुधारने, समान दुकान अंदर रखने समझाईस दी गयी और कहा गया कि समान बहार रखने की स्थिति में समान जप्ती के साथ साथ अर्थदण्ड एवं कानूनी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने पार्किंग के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे का उपयोग करने कहा। प्रशासन ने दुर्घटना रोकने एवं शहर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने व्यापारियों से अपील की है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, टी.आई. कोतवाली सहित निगम व यातायात का अमला उपस्थित था।

# खैरागढ़ रानी रश्मि देवी सिंह में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** खैरागढ़ की रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में



महाविद्यालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष श्री सतीश माहला एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सुश्री मोनिका जत्ती मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे। सुश्री मोनिका जत्ती ने सांख्यिकी की उपयोगिता , तकनीक एवं सांख्यिकी के जनक की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा किया उन्होंने सांख्यिकी दिवस मनाने के उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच सांख्यिकी के उपयोग एवं सांख्यिकी को एक कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करने को बताया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने सांख्यिकी के प्रति अपनी जानकारी को साझा करते हुए कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष श्री सतीश माहला ने सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में उपयोग, सांख्यिकी के विभिन्न प्रक्रियाओं , डेटा विश्लेषण एवं अनुसंधान और कॉर्पोरेट में सांख्यिकी के महत्व को उजागर किया।

# जंगलपुर में 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम जंगलपुर में 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव का तीसरे बार आयोजन रखा गया है। गुरू पूजन, दीक्षा समारोह, भजन संगीतमय प्रवचन इस कार्यक्रम अंचल प्रख्यात धारा प्रवाह कथावाचक गुरूदेव श्री राजू शर्मा जी कोलियारा वाले होंगे। कार्यक्रम में रोगी, बीमार, असाध्य रोगी एवं शराब छुड़ाने दवाई दिया जावेगा। समस्त शिष्य परिवारजन इस कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु अपील किया गया है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा के पहल पर श्रद्धालुओं, कांवड़ियों के लिए निःशुल्क ठहरने, स्वलपाहार, पेयजल, मेडिकल की व्यवस्था

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष



प्रयासों से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरात्तव, पर्यटन, जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर में सावन महीने में आने वाले श्रद्धालु और पदयात्रा कावड़ियों के व्यवस्था की तैयारियां जोरो-शोरो से की जा रही है। अमरकंटक से आने वाले कांवड़ियों के लिए भोरमदेव में निःशुल्क ठहरने, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भोजन, स्वल्पाहार, सहित सभी मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं का विशेष इंतजाम किया जा रहा है।

# जिला कोसरिया यादव समाज मुख्यमंत्री से मिले

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कोसरिया यादव समाज राजनंदगांव अपने सामाजिक अधिकार के मांग को लेकर महापौर



मधुसूदन यादव के नेतृत्व में जिला कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष कन्सू राम यादव, शीलू राम यादव कोषाध्यक्ष, महेश यादव महामंत्री आदि द्वारा मुख्यमंत्री निवास रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर राजनीति के क्षेत्र में समाज की प्रतिनिधित्व को रखा गया। प्रदेश में यादव समाज की जनसंख्या दूसरे नम्बर पर है परंतु राजनीति के क्षेत्र में छ.ग.सरकार द्वारा बिल्कुल किनारा कर दिया गया है और इसके कारण समाज में सरकार के प्रति आक्रोस ब्याप्त है। मुख्यमंत्री.विष्णुदेव साय ने पूर्ण आश्वासन दिये हैं कि भविष्य में अविलंब यादव समाज का प्रतिनिधित्व अवश्य सुनिश्चित होगा।

# भाजपा राज में छत्तीसगढ़ बना अपराधों का गढ़ - संदीप सोनी

## संस्कारधानी के नाम पर अब उठने लगे सवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शांत और सुरम्य प्रदेश



रहा है। और इसे छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव शहर संस्कारों के लिए जाना जाता रहा है इसी कारण इस शहर का नाम संस्कारधानी पड़ा है अब स्थिति विपरीत होती जा रही है भाजपा के शासनकाल में छत्तीसगढ़ अपराधों का गढ़ बन गया है वही राजनंदगांव जैसे छोटे शहर में बड़े-बड़े अपराध होते जा रहे हैं दूसरे राज्यों के भी खतरनाक अपराधी यहां मुकाम बनाने लगे हैं यह स्थिति निकट भविष्य में गंभीर खतरे को दर्शा रही है यह बात कहते हुए कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने कहा कि पुलिस को यदि खुली छूट दे दी जाए तो ऐसे अपराधियों को सबक सिखाने में देर नहीं लगेगी। लेकिन भाजपा सत्ता सीन भाजपा के बड़े नेताओं के दबाव के चलते पुलिस उदासीनता देखी जा रही है। श्री सोनी ने आगे कहा कि हत्या हत्या का प्रयास बलात्कार लूटपाट चोरी छेड़छाड़ जैसी बातें को आम हो गई है। वहीं सबसे बड़ी चिंता की बात माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिलना है अगर भाजपा एक ओर से सुशासन की बात करती है और दूसरे ओर अपराधियों विशेष खनिज और वन उपज माफियाओं को संरक्षण देती है तो यह अच्छी बात नहीं है। ज्यादा नहीं सिर्फ दो महीने तक के अखबारों को ही पलट कर देखें तो अपराधों के बढ़ने का प्रमाण मिल जाएगा।

# थाना प्रभारी अजय झा के खिलाफगंभीर आरोपों की गूंज रायपुर तक

## प्रेस क्लब बलौदाबाजार ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

इलियास खान

**बलौदाबाजार ( नांदगांव टाइम्स )।** बलौदाबाजार जिले के सिटी कोतवाली में लम्बे समय से पदस्थ थाना प्रभारी श्री अजय झा के विरुद्ध नागरिकों और पत्रकारों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों ने अब राजधानी रायपुर तक दस्तक दे दी है। आम जनता की आवाज बनकर बलौदाबाजार प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा छत्तीसगढ़ पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज श्री अमरेश मिश्रा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री अजय झा के विरुद्ध अनुशासनहीनता, पद के दुरुपयोग, और आम नागरिकों व पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों की विस्तृत जानकारी देते हुए एक लिखित ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की।



**अनुशासनहीनता एवं तानाशाही व्यवहार के आरोप**

ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि श्री अजय झा का व्यवहार पूरी तरह तानाशाहीपूर्ण हो गया है। वे आम नागरिकों से असभ्य भाषा में बात करते हैं, और पत्रकारों को उनके कार्य में बाधा डालते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। कई बार लोगों से शिकायत आती रहती है कि थाना परिसर में आने पर उनसे दुर्व्यवहार किया गया और उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुना गया। यह व्यवहार पुलिस की सेवा भावना एवं जनसंपर्क नीति के विपरीत है, जिससे आम लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है।

**राजनीतिक संबंधों का प्रभाव दिखाकर धमकाना**

टी आई अजय झा बार-बार यह दावा करते हैं कि उनके संबंध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (क्रस्स्) के शीर्ष पदाधिकारियों से पारिवारिक स्तर पर हैं। वे आरएसएस नेताओं के साथ खिंचवाई गई फोटो दिखाकर आम नागरिकों और पत्रकारों पर मानसिक दबाव बनाते हैं। यह एक प्रकार से पद के प्रभाव और राजनीतिक रिश्तों का दुरुपयोग है, जिससे ना केवल जनता डरती है बल्कि स्वतंत्र रूप से शिकायत करने का साहस भी नहीं कर पाती।

**प्रेस क्लब पदाधिकारियों के साथ अभद्रता और झूठे केस की धमकी**

दिनांक 26 जून 2025 को प्रेस क्लब बलौदाबाजार के पंजीकृत पदाधिकारियों को बिना लिखित सूचना के तीन बार थाना बुलाया गया। उन्हें घंटों बिठाकर झूठे मामलों में फंसाने की खुली धमकी दी गई। जब पदाधिकारियों ने इसका कारण पूछते हुए लिखित कारण मांगा, तो थाना प्रभारी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गंभीर धमकियाँ दीं। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज सिटी कोतवाली थाने में उपलब्ध है।

# मोदी सरकार का विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह दरगाह पार्री नाला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में को



संबोधित करते हुए जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर रचनात्मक कार्यक्रम की कड़ी में वृक्षारोपण किया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विकास मॉडल अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के लिए सतत रूप से किए जा रहे हैं विकास निर्माण कार्यों एवं क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जमकर प्रशंसा की। मोदी सरकार के बेमिसाल ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम वाइडनियर स्कूल स्थित चर्च में क्रिश्चियन समाज के सभी वरिष्ठ जनों की गणमान्य उपस्थिति में एव हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह (पार्री नाला) दरगाह में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल को चिह्नित करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला राजनांदगांव द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष भाई मोहम्मद इरफान शेख जी के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन के लिए निजी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों का बैठक सम्पन्न

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाईडी साहू द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन के लिए आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शहर व



समीपस्थ समस्त 25 निजी विद्यालयों के संस्था प्रमुख से संक्षिप्त व सारगर्भित चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनयम में निहित प्रावधानो को उल्लेखित करते हुए अशासकीय विद्यालयों में 25 प्रतिशत शीट अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बालकों के लिए प्रतिवर्ष पहली कक्षा ( एण्ट्री क्लास ) में कुल सीट संख्या का 25 प्रतिशत शीट निर्धारित सीमा के अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बालकों से भरा जाना, आरटीई सीट का प्रकटीकरण, आरटी ई अंतर्गत प्रवेश के लिए द्वितीय लाटरी का समय विभाग चक्र, शुल्क प्रतिपूर्ति दावा, आरटीई के तहत अशासकीय विद्यालयों में प्रवेशित विद्यार्थियों में से शैक्षणिक सत्र 2020-21 से 2024-25 तक का वर्षवार ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स की जानकारी एवं छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम समिति से शुल्क वृद्धि 2020 के प्रावधान अनुरूप अशासकीय विद्यालयवार शुल्क वृद्धि विगत् 5 वर्षों का सत्रवार जानकारी प्रस्तुत करने संबंधी निर्देश दिए गए। बैठक में अशासकीय विद्यालय अथवा निर्धारित प्रतिष्ठान में गणवेश, पाठ्य पुस्तक, टाई-बेल्ट, स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री विक्रय न करने संबंधी प्रमाण पत्र तथा अशासकीय विद्यालयों को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण प्रावधान अंतर्गत अशासकीय विद्यालय में 4 इनटू 8 फीट के बोर्ड सहित अपने वेब साईटो मे विवरण सर्वजानिक करने के संबंध में आवश्यक निर्देशित किया गया । राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सन्निहित प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बस्ते की बोझ जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री यू.आर.चन्द्राकर, सहायक संचालक श्री डी.जी.पात्रा एवं श्री सतीश यदु एम. आई. एस., प्रशासक की उपस्थिति थे।

# शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु विद्यालय में आईएएस टॉपर्स का यू-ट्यूब के माध्यम से प्रोजेक्टर द्वारा प्रसारण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में आज दिनांक 04 जुलाई 2025 को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित च्कठिन नहीं-सही मार्गदर्शन चाहिएज्ज् आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम के तहत् विद्यालय में छात्र-छात्राओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आईएएस श्री आकाश गर्ग , श्री आदित्य विक्रम, पूर्वा अग्रवाल, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री अंकित धवानी, द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से विद्यालय में प्रोजेक्टर द्वारा सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सही दिशा एवं सही मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण होता है। और उनके कौशल एवं क्षमताओं को विकसित करने में मदद करता है। साथ ही साथ उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास पैदा करता है। इस कार्यक्रम को प्रमुखता से प्रोजेक्टर द्वारा छात्र-छात्राओं को दिखाने हेतु थंगेश्वर कुमार साहू,व्याख्याता का योगदान रहा। विद्यालय से जानकी वल्लभ तम्बोली व्याख्याता ने सुमीत कुमार, सागर कुमार, कक्षा 12 वीं के गणित संकाय के छात्रों को लेकर इस कार्यक्रम के लिए पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव गये थे। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु , श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुर्वाय, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तम्बोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिल्हारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह की उपस्थिति रही।



**शुभांक**

**2-3-6**

**369-8 126-9**

**भाग्यांक**

**279-8 160-7**

# बुद्धूभरदा में भव्य पशु मेला एवं प्रदर्शनी संपन्न

## पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार : डॉ. चटर्जी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम बुद्धूभरदा में पशुधन विकास विभाग के पशु चिकित्सालय अर्जुनी द्वारा भव्य पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्नत नस्लों के अनेक पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उच्च दुग्ध उत्पादन देने वाली गायें, भैंसें, बेहतर नस्ल के बैल, बकरे-बकरियां प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य विभा साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में पशुपालकों को सरकार की योजनाओं व पशुधन विकास के महत्व की जानकारी दी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बुद्धूभरदा की सरपंच चांदनी साहू ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और पशुपालकों का उत्साहवर्धन किया।



पशुपालकों को संबोधित करते हुए विभाग के उपसंचालक डॉ. अनूप चटर्जी ने कहा कि पशुपालन ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। उन्होंने बताया कि यदि गांव के भीतर ही पशुपालन को बढ़ावा दिया जाए तो धन का चक्र गांव में ही बना रहता है, जिससे ग्रामीणों की आय में इजाफा होता है। डॉ. अजय शर्मा ने उन्नत नस्लों की पहचान और उनके महत्व की जानकारी दी, वहीं डॉ. आदित्य चंद्राकर ने पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उनके रोकथाम के उपाय साझा किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एम.के. देशलहरे ने आधुनिक समय में पशुओं की स्थिति पर केंद्रित कविता पाठ कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही उत्कृष्ट पशुपालकों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. महेश केसरिया, डॉ. वीरेंद्र रामटेके, समस्त पशु चिकित्साधिकारी, प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, विभागीयकर्मचारी,ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे कार्यक्रम के समापन पर डॉ. देशलहरे ने सभी आगंतुकों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव**
**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**

क्रमांक/952/आ.जा.क./लघुनिर्माण/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 02.07.2025

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकल पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र अ में मुख्य अभियंता लो.नि.वि. भवन निर्माण दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दिनांक 01.06.2020 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर निविदा निःशर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला राजनांदगांव के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - दिनांक 15.07.2025 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - दिनांक 21.07.2025 सायं 05.00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 30.07.2025 सायं 05.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 01.08.2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे

| क्रं | कार्य का प्रकार | जिला | कुल कार्यों की संख्या | कुल लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला राजनांदगांव के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों में अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य वर्ष 2025-26 | राजनांदगांव | 17 | 54.447 लाख |
| | | योग - | 17 | 54.447 लाख |

(रू. चौवन लाख चवालीस हजार सात मात्र)

टीपः- निविदा की शर्तें एवं समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यलयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी- 01950/2

(सुश्री दीक्षा गुप्ता)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, राजनांदगांव



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान,गण्डई(छ.ग)**

**- ईश्तहारः-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदराम निषाद आ. कलीराम निवासी शहर / ग्राम कुलीकसा प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. द्वारा अपने पिता स्व. कलीराम आ. गुनुराम के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 21/08/2008 को स्थान कुलीकसा पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 26/06/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे. माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 19/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांकः- 19/06/2025**
**सुनवाई दिनांकः- 26/06/2025**

सील

कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ..ग.)**

**//ईश्तहार//**

ग्राम- अमलीडीहकला
रा.प्र.क. 202506290100042
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुमलाल पिता सूर्यलाल, जाति- लोधी, निवासी ग्राम अमलीडीहकला, तहसील- खैरागढ द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम-अमलीडीहकला, प.ह.नं. 36, तहसील - खैरागढ, जिला खैरागढ-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 2182/1 रकबा 0.041 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 15/07/2025 को नियत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़

## ज्ञान मंथन

*1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?*
*2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?*
*3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?*
*4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?*
*5) हाल ही में मध्य प्रदेश में एक स्मारक से सम्मानित रानी दुर्गावती किस वंश से संबंधित थीं?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) द चैलेन्ज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) चंदेला वंश

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दुकानों में दी दबिश,अवमानक जलेबी व लड्डू का किया नष्टीकरण

**इलियास खान**

**बलौदाबाजार ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को 8 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थो की जांच की गई। एक दुकान में जलेबी व बूंदी लड्डू अवमानक पाए जाने पर नष्टीकरण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में कुल 8 संस्थानों से 45 खाद्य नमूने जांचे गए जिसमें से 2 खाद्य पदार्थ बूंदी लडडू और जलेबी अवमानक पाए जाने पर लगभग 4 किलोग्राम जलेबी और 3 किलोग्राम बूंदी लडडू का नष्टीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार खाद्य जांच अभियान चलाया जाएगा ताकि बरसात के मौसम में अवमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर नियंत्रण लगाई जा सके।



# टाटेकसा संकुल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

## बच्चों को पुष्प माला पहनाकर किया गया स्वागत , उत्कृष्ट छात्रों का किया गया सम्मान

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** संकुल केन्द्र टाटेकसा में माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वधान में तथा संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया । इस आयोजन में मुख्य अतिथि बतौर भाजपा के जिला संयोजक क्रिस्टोफर पन्ना जी उपस्थित रहे । बच्चों का पुष्प हार और तिलक लगाकर तथा मिठाई से मुंह मीठा कर, पुस्तक प्रदान कर किया गया स्वागत। विदित हो कि नया सत्र शुरू होते ही नव प्रवेशी बच्चों का स्कूल में चहल कदमी शुरू हो जाता है स्कूल में एक नई रौनक आ जाती है , नई उमंग नए उत्साह के साथ नव प्रवेशी बच्चे स्कूल जाने लगते है। और उनके इस उत्साह को को हम उत्सव के रूप में मनाते हैं। इसी कड़ी में आज उच्चतर माध्यमिक शाला टाटेकसा में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। सबसे पहले अतिथियों के करकमलों द्वारा मां सरस्वती की पूजा आराधना किए गए। अतिथि स्वागत के बाद स्वागत डांस भी हुआ फिर बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प हार पहनाकर, मिठाई खिलाकर, पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य जी.आर. नेताम जी ने स्वागत भाषण में बताए कि हमारे जिला हाईस्कूल दसवी का परीक्षा परिणाम प्रदेश में तीसरा स्थान रहा है, तथा 12 वी का परिणाम प्रदेश में पांचवा स्थान है जो



हमारे किए गौरव कि बात है लेकिन इतने में हमको संतुष्ट नहीं रहना है इससे और बेहतर करने का प्रयास करना होगा तथा पालक, बालक और हमें एक रणनीति बनाकर बेहतर पढ़ाई का माहौल तैयार करना होगा । इस वर्ष 2025,26 को शासन ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष घोषित किया गया है तो हम इस गुणवत्ता वर्ष को कैसे बेहतर बनाए इस पर काम करना होगा। बच्चे जब आंगनबाड़ी से प्राथमिक शाला कक्षा पहली में जाते हैं पांचवीं से छठवीं मे जाते हैं आठवीं से नवमी में जाते हैं तब एक नई उमंग नई उत्साह रहता है उनके मन में नई जिज्ञासा रहता है उस जिज्ञासा को हमें बेहतर ढंग से नई नई टेक्नोलॉजी से सरल भाषा में समझाना होगा, तभी बच्चे एक सफल नागरिक बन पाएगा। उन्होंने पलकों से कहा कि बच्चे आपके बुढ़ापे का सहारा है बुढ़ापे का लाठी है तो आपका भी दायित्व बनता है कि इनके भविष्य निर्माण मे आपका योगदान कैसे हो ,या और क्या बेहतर कर सकते हैं , उन्होंने पलकों से कहा कि अपने बच्चों को गलत संगती से बचाना होगा। हम टीचरों को भी इस कार्य के लिए ईमानदारी से निष्ठा से काम करना होगा। तभी एक आदर्श शिक्षक कहलाएंगे। माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक यू. के . वर्मा ने भी कार्यक्रम में अपनी बात कहते हुए बताए कि इस वर्ष हमारे स्कूल को दो दो खुशियां मिली हैं क्योंकि यहां से दो छात्र नूतन कुमार और गोविंद कुमार का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी लगना नहीं है शिक्षा उद्देश्य एक सफल नागरिक होने से है नौकरी का मतलब बंधन आप अपने मर्जी का मालिक नहीं हो सकते , एक किसान को देखिए अपने मर्जी का मालिक है,तो ये नौकरी का भ्रम को निकालना होगा।

## बौद्ध बिहार बौद्धों का है , हम इसे लेकर रहेंगे - धम्मतप

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** बौद्ध बिहार बौद्धों का है हम इसे लेकर रहेंगे। जब अन्य धर्म के तीर्थ स्थलों पर उनके ही धर्म के मानने वालों का हक है, जैसे - मक्का मदीना मुसलमान का है, काशी मथुरा हिंदुओं का है क्रिश्चनों का इसराइल है, सभी धर्म के मंदिरों पर सिर्फ उनके ही धर्म के मानने वालों का अधिकार है तो फिर बौद्धों के सबसे पवित्र स्थल बौद्ध गया बिहार पर बौद्धों का नियंत्रण क्यों नहीं है। उक्ताशय के विचार राजनांदगांव में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक जारी धरना प्रदर्शन के चैथे दिन उपस्थित बौद्ध उपासकों को धम्मतप राजनांदगांव ने संबोधित करते हुए कही, विदित हो बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बिहार



स्तिथ गया मे स्थापित बौद्ध बिहार का मंदिर है, जहां भगवान गौतम बुद्ध ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर तपस्या की एवं वही ज्ञान प्राप्त किया था तब से वहां बौद्ध बिहार का निर्माण हुआ है और समस्त बौद्ध उपासकों का आस्था का एकमात्र केंद्र बिंदु है। जहाँ पर भारत के ही नहीं अपितु दूसरे अन्य देशों के मानने वाले बौद्ध धर्मावलम्बी वहां पहुंचते हैं। धरना प्रदर्शन क्यूँ - प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए धम्मतप ने बताया कि भारत में प्राचीन जितने भी मंदिर, विहार, चर्च है सब में एक ट्रस्ट बनाई जाती है जो उस मंदिर का रखरखाव से लेकर सारा कंट्रोल अपने ऊपर रखता है, और वह जिस धर्म का होता है ट्रस्ट में उसी धर्म के मानने वाले सदस्यों को रखा जाता है, पर गया स्थित बौद्ध बिहार में नियम इसके विरुद्ध है, गया में बौद्ध बिहार को लेकर जो ट्रस्ट बनाया गया है उसमे 8 सदस्य होते हैं, जिसमे चार हिन्दू और चार बौद्ध होते हैं, जब बिहार बौद्धों का है तो पूरे ट्रस्ट में जितने भी सदस्य होते हैं वह सभी बौद्ध हो उन्होंने बताया कि हमारी शासन से मांग है कि गया स्थित बौद्ध विहार को बौद्धों के हवाले किया जाए। राष्ट्रीय आंदोलन - बिहार के गया में 12 फरवरी से शुरू हुए बौद्ध भिक्षुओ का यह आंदोलन अब राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है, देश के हर कोने में बौद्ध उपासक जिला मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर बौद्ध बिहार बौद्धों को सौंपने की मांग केंद्र सरकार से कर रहे हैं।

## डॉक्टर्स डे पर डॉ. साहब को पगड़ी पहनाकर किया गया विशेष सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बीते 1 जुलाई डॉक्टर्स डे चिकित्सा दिवस पर इस सुबे के सबसे बड़े डॉ. रमन सिंह का विशेष स्वागत संस्कारधानी सेवा संस्थान के बैनर तले प्रबुद्ध जनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को साफा पहनाकर साल



वोढ़ाकर नारियल भेंट कर उनका विशेष सम्मान करतल ध्वनि के साथ किया गया। समिति द्वारा राजनांदगांव के सुप्रसिद्ध डॉ. प्रकाश खुटे और डॉ. प्रकाश सदानी का भी विशेष सम्मान इसी तर्ज पर किया गया। डॉक्टर डे पर समिति के इस आयोजन को शहर की प्रबुद्ध जनों द्वारा अच्छा प्रतिसाद दिया जा रहा है। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर सहित संस्कारधानी सेवा संस्थान के राजू डागा, आलोक बिंदल, योगेश खत्री, राजा मखीजा, संजू तेजवानी, अशोक पांडे, उत्तम गुड़िया, विष्णु ढीमर आदि उपस्थित थे।

## व्याख्याता की विदाई पर भावुक हुआ पूरा गांव, छात्र-छात्राओं की आंखें हुई नम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंडित तुलसी प्रसाद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, चिरचारी कला में व्याख्याता मनहरण लाल पिथौरा के सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों से लेकर ग्रामीणों तक सभी भावुक नजर आए। छात्र-छात्राएं अपने प्रिय शिक्षक की विदाई पर फूट-फूटकर रो पड़े। समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भोलाराम साहू ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, सरपंच भारती मंडावी, जिला महामंत्री नरेश शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, वर्तमान अध्यक्ष अंजनी शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चितावरकर, प्राचार्य एसबी उर्वशा तथा स्त्रोत समन्वयक पीडी साहू मंचासीन रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व छात्राओं के स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। व्याख्याता पिथौरा को स्मृति चिन्ह, आदर्श पुस्तकें और अंगवस्त्र भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि शिक्षक पिथौरा के अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ छात्रों को लंबे समय तक मिलता रहा है। विद्यालय को उनकी कमी हमेशा खलेगी। जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि पिथौरा सर ने अनुशासन, समर्पण और स्नेहभाव से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि शिक्षक का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों में ज्ञान का दीप जलाया है। मनहरण लाल पिथौरा ने अपने 12 वर्षों के सेवाकाल में चिरचारी कला में बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। ग्रामीणों से उनका गहरा जुड़ाव था, यही कारण रहा कि विदाई की सूचना मिलते ही गांव में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर आंख नम हो गई। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता विमला माहेश्वरी, संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, प्रधान पाठक हेमंत सलामे, गज्जू कन्नौजे, महेश पड़ोती, हीरालाल गजभिये, अखिल पटेल, देवेंद्र साहू, अशोक सहाड़े, संतोष निर्मलकर, चतुर साहू, प्रकाश सिलाता, पुष्पा चुरेन्द्र, सेवती साहू, दीपमाला साहू, खेलन देवांगन, एकलव्य साहू, प्रेम भुआर्य, सविता सलामें सहित कई शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा के 18 ग्रामों को मिला 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का उपहारए ग्रामीणों ने जताया आभार

**राजनांदगांव जिले में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2025.26 के तहत 2 करोड़ 13 लाख से अधिक की स्वीकृतिए ग्रामों में शेडए सीसी रोडए नाली व सामुदायिक भवन का होगा निर्माण**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉण् रमन सिंह के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025द्26 के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में लगभग 2 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से कुल 60 विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इसमें राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 18 ग्रामों के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इनमे निम्नलिखित विकास कार्य प्रस्तावित हैंरू ग्राम मुड़पार में 10 लाखए रानीतराई एवं भोथीपार खुर्द में 3 लाख की लागत से शेड निर्माण। ग्राम बरगाए इंदामाराए फरहद में 6ण्5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण। ग्राम पारीखुर्द एवं जंगलेसर में 7ण्80 लाख की लागत से और ग्राम सुकुलदैहानए बम्हनीए भानपुरी व रीवागहन में 5ण्20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण। ग्राम जंगलेसरए रीवागहन व रवेली में 5ण्20 लाख की लागत से निर्मला घाट निर्माण के साथ ग्राम धनगांव व बरगा में 5ण्91 लाखए ग्राम बॉकल में 3ण्94 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य किया जायेगा। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने इन 18 विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉण् रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉण् रमन ने हमेशा गांवों की ज़रूरतों को प्राथमिकता दी है। इन विकास कार्यों से गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और जीवनस्तर ऊँचा होगा। यह हमारे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉण् रमन सिंह जी ने श्मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनाश् के अंतर्गत स्वीकृत इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहाए श्यह स्वीकृति भाजपा सरकार की ग्रामोन्मुख नीतियों और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के गांवों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। यह योजनाएँ संरचनात्मक विकास नहींए ग्रामीणों के जीवन में आशा और विश्वास का संचार हैं।



## निधन

**हेमलता साहू**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में पदस्थ शिक्षिका हिन्दी व्याख्याता श्रीमती हेमलता साहू का आज 4 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सुरगी स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने शाला प्रांगण में 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया और भगवान से प्रार्थना करते है कि मृत आत्मा को शांति प्रदान करते हुए अपने चरणों मे स्थान दे और परिवार को इस महान दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## निधन

**श्रीमती सरस्वती तिवारी**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय तिवारी परिवार की वरिष्ठ सदस्य



सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती सरस्वती तिवारी पत्नी स्वर्गीय ध्रुव प्रकाश तिवारी का आज राजधानी रायपुर में चिकित्सा के दौरान निधन हो गया। वे जयप्रकाश तिवारी की माता थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को प्रात: 11-30 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन पर ब्राह्मण समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## धर्म समाचार....

# इस चालीसा के पाठ से दूर करें पैसों की हर किल्लत, मां लक्ष्मी होंगी प्रसन्न




धार्मिक मत है कि शुक्रवार के दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने से आर्थिक परेशानी दूर होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि एवं खुशहाली आती है। ज्योतिष भी सुखों में वृद्धि पाने के लिए शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी देवी की पूजा करने की सलाह देते हैं।

वैदिक पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 04 जुलाई को गुप्त नवरात्र की नवमी तिथि है। यह तिथि देवी मां सिद्धिदात्री को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर जगत जननी मां सिद्धिदात्री की पूजा एवं भक्ति की जाती है। साधक विशेष कामों में सिद्धि पाने के लिए मां सिद्धिदात्री की कठिन साधना करते हैं। साथ ही नवमी तिथि पर कन्या पूजन भी किया जाता है।

अगर आप भी देवी मां सिद्धिदात्री की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो गुप्त नवरात्र की नवमी तिथि पर भक्ति भाव से जगत की देवी की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इस चालीसा का पाठ करें।

**लक्ष्मी चालीसा**

॥ दोहा ॥

मातु लक्ष्मी करि कृपा,करो हृदय में वास।
मनोकामना सिद्ध करि,परुवहु मेरी आस॥

**॥ सोरठा ॥**

यही मोर अरदास,हाथ जोड़ विनती करुं।
सब विधि करौ सुवास,जय जननि जगदम्बिका।

**॥ चौपाई ॥**

सिन्धु सुता मैं सुमिरौ तोही। ज्ञान, बुद्धि, विद्या दो मोही॥
तुम समान नहिं कोई उपकारी। सब विधि पुरवहु आस हमारी॥
जय जय जगत जननि जगदम्बा। सबकी तुम ही हो अवलम्बा॥
तुम ही हो सब घट घट वासी। विनती यही हमारी खासी॥
जगजननी जय सिन्धु कुमारी। दीनन की तुम हो हितकारी॥
विनवौं नित्य तुमहिं महारानी। कृपा करौ जग जननि भवानी॥
केहि विधि स्तुति करौं तिहारी। सुधि लीजै अपराध बिसारी॥
कृपा दृष्टि चितववो मम ओरी। जगजननी विनती सुन मोरी॥
ज्ञान बुद्धि जय सुख की दाता संकट हरो हमारी माता॥
क्षीरसिन्धु जब विष्णु मथायो। चौदह रत्न सिन्धु में पायो॥
चौदह रत्न में तुम सुखरासी। सेवा कियो प्रभु बनि दासी॥
जब जब जन्म जहां प्रभु लीन्हा। रुप बदल तहं सेवा कीन्हा॥
स्वयं विष्णु जब नर तनु धारा। लीन्हेउ अवधपुरी अवतारा॥
तब तुम प्रगट जनकपुर माहीं। सेवा कियो हृदय पुलकाहीं॥
अपनाया तोहि अन्तर्यामी। विश्व विदित त्रिभुवन की स्वामी॥
तुम सम प्रबल शक्ति नहीं आनी। कहं लौ महिमा कहौं बखानी॥
मन क्रम वचन करै सेवकाई। मन इच्छित वाञ्छित फल पाई॥
तजि छल कपट और चतुराई। पूजहिं विविध भाँति मनलाई॥
और हाल मैं कहौं बुझाई। जो यह पाठ करै मन लाई॥
ताको कोई कष्ट नोई। मन इच्छित पावै फल सोई॥
त्राहि त्राहि जय दु:ख निवारिणि। त्रिविध ताप भव बन्धन हारिणी॥
जो चालीसा पढ़ै पढ़ावै। ध्यान लगाकर सुनै सुनावै॥
ताकौ कोई न रोग सतावै। पुत्र आदि धन सम्पत्ति पावै॥
पुत्रहीन अरु सम्पति हीना। अन्ध बधिर कोढ़ी अति दीना॥
विप्र बोलाय कै पाठ करावै। शंका दिल में कभी न लावै॥
पाठ करावै दिन चालीसा। ता पर कृपा करैं गौरीसा॥
सुख सम्पत्ति बहुत सी पावै। कमी नहीं काहू की आवै॥
बारह मास करै जो पूजा। तेहि सम धन्य और नहिं दूजा॥
प्रतिदिन पाठ करै मन माही। उन सम कोइ जग में कहुं नाहीं॥
बहुविधि क्या मैं करौं बड़ाई। लेय परीक्षा ध्यान लगाई॥
करि विश्वास करै व्रत नेमा। होय सिद्ध उपजै उर प्रेमा॥
जय जय जय लक्ष्मी भवानी। सब में व्यापित हो गुण खानी॥
तुम्हरो तेज प्रबल जग माहीं। तुम सम कोउ दयालु कहुं नाहिं॥
मोहि अनाथ की सुधि अब लीजै। संकट काटि भक्ति मोहि दीजै॥
भूल चूक करि क्षमा हमारी। दर्शन दजै दशा निहारी॥
बिन दर्शन व्याकुल अधिकारी। तुमहि अछत दु:ख सहते भारी॥
नहिं मोहिं ज्ञान बुद्धि है तन में। सब जानत हो अपने मन में॥
रुप चतुर्भुज करके धारण। कष्ट मोर अब करहु निवारण॥
केहि प्रकार मैं करौं बड़ाई। ज्ञान बुद्धि मोहि नहिं अधिकाई॥

**॥ दोहा ॥**

त्राहि त्राहि दु:ख हारिणी,हरो वेगि सब त्रास।
जयति जयति जय लक्ष्मी,करो शत्रु को नाश॥
रामदास धरि ध्यान नित,विनय करत कर जोर।
मातु लक्ष्मी दास पर,करहु दया की कोर॥

**मां लक्ष्मी की आरती**

? जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता
तुम को निश दिन सेवत, हर विष्णु विधाता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
उमा रमा ब्रह्माणी, तुम ही जग माता
सूर्य चंद्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख सम्पति दाता
जो कोई तुमको ध्याता, ऋद्धि सिद्धि धन पाता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
तुम पाताल निवासिनी, तुम ही शुभ दाता
कर्म प्रभाव प्रकाशिनी, भव निधि की त्राता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
जिस घर तुम रहती सब सद् ?गुण आता
सब संभव हो जाता, मन नहीं घबराता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न कोई पाता
खान पान का वैभव, सब तुमसे आता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
शुभ गुण मंदिर सुंदर, क्षीरोदधि जाता
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता
**? जय लक्ष्मी माता।।**
महालक्ष्मीजी की आरती, जो कोई नर गाता
उर आनंद समाता, पाप उतर जाता
**? जय लक्ष्मी माता।।**

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# अखिल भारतीय सेवा के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा करने का बेहतर अवसर : कलेक्टर

## मन में ठान लीजिए तो कोई कार्य मुश्किल नहीं, जुनून के साथ करें पढ़ाई : आकाश गर्ग



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता एवं संभावनाओं को आकार देने के लिए तथा उनके कैरियर को सही दिशा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ''कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए'' कार्यक्रम का अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं युवा शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु ''कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए'' कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की आज पुण्यतिथि है। हम सभी ने उनके विचारों एवं जीवन से प्रेरणा ली है और अनुसरण किया है तथा उनके उद्धरण एवं लेखनी को अपने जीवन में आत्मसात किया है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में चयनित पांच शख्सियत यहां मौजूद हैं, जिनके अनुभवों का लाभ विद्यार्थियों एवं युवाओं को मिलेगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं किसी कार्यक्रम में अखिल भारतीय सेवा के चयनित अभ्यर्थी के प्रेरक उद्बोधन को सुनकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित हुए थे और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। इसलिए हमेशा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हुए। जिससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा करने का बेहतरीन अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि टॉपर्स के विचारों को सुने, समझे और सफलता के लिए सीख कर जाएं। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तरी सत्र में यूपीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई के लिए मोबाईल का उपयोग कम करेंगे। इसके लिए विभिन्न विषयों पर अभिमत, विश्लेषण पढने की आवश्यकता है। भारतीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा कठिन परीक्षा है। गंभीरता से तैयारी करने पर सफलता मिलती है।जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि आज यहां जो युवा आए है, वे एक मकाम हासिल करें और सफलता हासिल करें। इस उद्देश्य एवं आशा के साथ यह कार्यक्रम



आयोजित किया गया है कि विद्यार्थी एवं युवा यहां से कुछ सीखकर जाएं। यहां आए अभ्यर्थियों ने जीवन में संघर्ष किया है और उनकी जीवन यात्रा में बाधाएं रही। इसके बावजूद उन्होंने सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि तनाव एक अच्छा शिक्षक है और सकारात्मक तरीके से तनाव सफलता के लिए भी अग्रसर करते है। यूपीएससी सीएसई 2024 में 5वां रैंक प्राप्त करने वाले श्री आकाश गर्ग ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बी-टेक में स्नातक किया है। कोविड-19 संक्रमण के दौरान एक जिला प्रशासक की भूमिका एवं जिम्मेदारी को देखते हुए इस पद पर कार्य करने के लिए रूझान बढ़ा। उन्होंने कहा कि मन में ठान लीजिए तो कोई काम मुश्किल नहीं। आप जुनून के साथ पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2023 में यूपीएससी की परीक्षा में असफल हुए थे। उन गलतियों को ठीक करते हुए वे बेहतर परिणाम की ओर अग्रसर हुए। उन्होंने कहा कि गलतियों को दोहराना नहीं, बल्कि उसमें सुधार करना और सीखना है। स्पष्ट दृष्टिकोण, विचार एवं दृढ़ निश्चय के साथ अध्ययन करें। यूपीएससी सीएसई 2024 में 65वां रैंक प्राप्त करने वाली एवं छत्तीसगढ़ टॉपर सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिए आत्मविश्वास बनाएं रखें, लेकिन परीक्षा को कम न आंके।

# बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड का मामला पीसीसी चीफ तक पहुंचा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के कार्यक्रम के तुरंत बाद लिया जाएगा एक्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अचानक जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के गांव पहुंचे। वहां उन्होंने फुलझर में स्थापित बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैध तरीके से आसपास के जलाशय से अवैध तरीके से पाइपलाइन बिछाकर पानी लिए जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम निपट जाने के बाद इस मामले में तुरंत एक्शन लिया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री साहू और श्री बैज ने पार्टी की हितों और जनता के हितों को लेकर काफी देर तक गुफ्त गु होती रही। इस दौरान मुख्य रूप से भागवत साहू अध्यक्ष जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के साथ देवलाल साहू पूर्व सरपंच टेडेसरा तुलदास साहू पूर्व जनपद सदस्य, टीकम साहू घिरी, रतन साहू घिरी, टीकम साहू कोपेडीह, श्रवण कोपेडीह, रामकुमार साहू नवागांव, लक्ष्मी चंद्राकर, लोमश साहू,भवानी राजपूत, शत्रु देशमुख, नारायण साहू, अमरसिंह साहू, सिद्धार्थ डोंगरे, डेरहा साहू, मनोज साहू, नारायण साहू, अजय ठाकुर, राजेंद्र साहू, सतीश साहू, पप्पू साहू, सुनील कोठारी आदि उपस्थित थे।



# ग्राम लिटिया में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम लिटिया में शासकीय प्राथमिक शाला/ पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वाधान में शाला



प्रवेश उत्सव मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती दीपा हेमंत बंजारे अध्यक्षता सरपंच श्रीमती लीला देवी गोपीचंद गायकवाड़, विशेष अतिथि पूर्व सरपंच श्रीमती शान्ति वर्मा एवं दोनों विद्यालय के एस.एम.सी अध्यक्ष रूखमणी मारकण्डे एवं श्रीमती आरती वर्मा, उपस्थित थे । सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया । सम्मानित अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रधान पाठक श्रीमती संध्या मिश्रा, श्री हंसकुमार मेश्राम, दीपक तिवारी, अजय कड़व, हेमंत जांगड़े, लिकेश्वरी भारती, सुष्मीता भारती, लीलाधर वर्मा, मंगलू वर्मा, भागेश्वरी बंजारे, नेमन भार ती, प्रभा, सुनिता मारकण्डे, हेमंत बंजारे, किसन वर्मा उपस्थित थे । उक्त जानकारी शिक्षक अजय कड़व द्वारा दी गई ।


# जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला अस्पताल राजनांदगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. विधि गजभिये की अस्थायी तौर पर संविदा नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में विभिन्न पदों पर भर्ती की जा रही है। जिला अस्पताल के मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य भी जारी है।

# पाताल भैरवी मंदिर में सुंदरकांड महोत्सव का 2052 वा पाठ 06 जुलाई को

## महामंडलेश्वर गोविंद जी महाराज के सानिध्य में 108 जोड़े करेंगे सुंदरकांड पाठ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सुंदरकांड महोत्सव की 19वीं माला अर्थात 2052 वा सुंदरकांड पाठ बर्फानी सेवा आश्रम समिति के तत्वाधान में 6 जुलाई 2025 , देवशयनी एकादशी के दिन बर्फानी आश्रम मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं बर्फानी सेवा आश्रम समिति की ओर से राजेश मारु,आलोक बिंदल, गणेश प्रसाद शर्मा ऽगन्नूऽ, दीपक जोशी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 19 वीं माला का 108 वा पाठ 108 भक्त जोड़ो के साथ देवशयनी एकादशी 06 जुलाई को श्री बर्फानी आश्रम सेवा समिति के संयोजकत्व में आयोजित है। इस महोत्सव के आशीर्वादक परम श्रद्धेय गुरुदेव बर्फानी दादाजी एवं प्रात:स्मरणीय पूज्य राजेश्वरानंद जी महाराज है, वहीं प्रेरणाश्रोत परमश्रद्धेय नंदू जी शर्मा है। महोत्सव के दौरान श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी गोविंद जी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। व्यासपीठ पर




श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। समिति की दीपा शर्मा, रिंकू मिश्रा, दीपक अग्रवाल, संतोष हुंका द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108 वा पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 19 वीं माला के 107 पाठ पूर्ण हो चुके है, 19वीं माला का 108 वा पाठ अर्थात 2052 वा पाठ देवशयनी एकादशी 06 जुलाई 2025 को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में आयोजित है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 06 जुलाई को सुबह 10 बजे से हमारे हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5:31 बजे से श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ो द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता, बहनों एवं बंधुओ से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर तन, मन, धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा कर रहे है संस्कारधानी के वायलिन वादक गुरु मदन लाल सिन्हा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जब उंगलियों की कोमल हरकतें तारों पर चलती हैं और मन के भावों को सुरों में बदल देती हैं, तब वह संगीत आत्मा से संवाद करने लगता है। ऐसा ही एक नाम है मदन लाल सिन्हा एक 70 वर्षीय वायलिन वादक, जिनकी धुनें आत्मा को छू जाती हैं। राजनांदगांव जैसे सांस्कृतिक नगर में अपने दो कमरे के घर में, जहां हर कोना संगीत के स्पंदन से गूंजता है, वहीं ये कला साधक बिना किसी दिखावे के आज भी संगीत की तपस्या में लीन हैं। गौरतलब है कि , संगीत की ओर पहला कदम तब बढ़ा जब उनके मित्र के बड़े भाई बसंत जी ने धमतरी आकर वायलिन बजाया। उस दिन पहली बार उन्होंने इस वाद्य यंत्र की सजीव ध्वनि सुनी और उसी क्षण जीवन की दिशा तय हो गई। उनके मार्गदर्शक बने श्री महाजन सर, जिनके पुराने वायलिन को उन्होंने प्रेम से संजोया और उन्हीं से वादन की प्रारंभिक शिक्षा ली। मैट्रिक की पढ़ाई के बाद उन्होंने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से विधिवत संगीत शिक्षा प्राप्त की और वायलिन को न केवल वाद्य यंत्र, बल्कि अपने आत्मिक साधना का माध्यम बना लिया। वे मानते हैं कि आज भी वे एक साधक हैं और सीखना कभी बंद नहीं होना चाहिए। पंडित कीर्ति व्यास जैसे महान वायलिन वादकों से आज भी मार्गदर्शन प्राप्त करना उन्हें गौरव और शांति देता है।



कलाकार मदन लाल सिन्हा की साधना ने उन्हें सीमाओं से परे पहुंचाया। अमेरिका, फ्रांस, लंदन जैसे सांस्कृतिक मंचों पर उन्होंने वायलिन की मधुर ध्वनि से भारत की आत्मा को प्रस्तुत किया। लेकिन वे अपनी सफलता का श्रेय कभी स्वयं को नहीं देते यह सब गुरुजनों के आशीर्वाद और वर्षों की साधना का प्रतिफल मानते हैं। संगीत उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि पूजा है। जब वे वायलिन बजाते हैं तो वह केवल ध्वनि नहीं होती वह आत्मा की भाषा होती है। सुर, लय और ताल की त्रिवेणी में बहते हुए उन्हें वह असीम शांति प्राप्त होती है, जो शब्दों से परे है। उन्होंने अपने वाद्य यंत्रों को ही जीवन साथी बना लिया है और उन्हीं के बीच साधना में लीन रहते हैं। मदन लाल सिन्हा नवोदित कलाकारों को यह संदेश देते हैं कि कला साधना है, प्रदर्शन नहीं। सस्ती लोकप्रियता के पीछे भागने के बजाय अच्छे गुरु के मार्गदर्शन में स्थायी ज्ञान प्राप्त करें। उनका जीवन यह सिखाता है कि सादगी में ही श्रेष्ठता बसती है और असली संगीत वहां होता है, जहां हृदय पूर्ण समर्पण से जुड़ा हो। वर्तमान में वे खुमान साव संगीत अकादमी राजनांदगांव में बतौर संरक्षक नवोदित कलाकारों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# झाड़-फूंक नहीं, विज्ञान पर भरोसा करें - ई-पाठशाला में दी गई अहम चिकित्सा जानकारी

## सांप के काटने पर तुरंत क्या करें ? डॉ. खूंटे ने बताए जीवन रक्षक उपाय





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में इन दिनों च्प्रैक्टिशनर्स की ई-पाठशालाज्ा् का आयोजन किया जा रहा है। इस ऑनलाइन चिकित्सा शिक्षण कार्यक्रम में अब तक 150 से अधिक पेशेवर डॉक्टर, मेडिकल शिक्षक और छात्र जुड़ चुके हैं।ई-पाठशाला के तीसरे चरण में सांप के काटे मरीज को कैसे बचाया जाए, इस विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश खूंटे ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में सांप जैसे जहरीले जीवों के काटने के मामले बढ़ जाते हैं, और यदि समय रहते उपचार न मिले तो मरीज की जान भी जा सकती है।

डॉ. खूंटे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी झाड़-फूंक जैसी अवैज्ञानिक विधियों पर भरोसा किया जाता है, जिससे उपचार में देरी होती है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि सांप के जहर के प्रकार, नैदानिक लक्षण, आपातकालीन हस्तक्षेप और साक्ष्य आधारितउपचार प्रोटोकॉल क्या होते हैं और इनका उपयोग कैसे किया जाए। इस ई-पाठशाला में सीएससी, पीएससी, जिला अस्पतालों के डॉक्टर और मेडिकल कॉलेज के छात्र जुड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद पाटनकर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरतन नेतराम ने की। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज भिलाई के डीन डॉ. प्रकाश वाकोड़े, और अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. अनिल शेरके भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह ई-पाठशाला कार्यक्रम डॉक्टरों और छात्रों के लिए एक प्रभावशाली मंच बन रहा है, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के विविध पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जा रही है।

# प्राइवेट हॉस्पिटल व स्कूल कॉलेज में मनमानी फीस वसूली से जनता त्रस्त - कांग्रेस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि युक्ति युक्त कारण योजना के नाम पर 4000 विद्यालय बंद हो चुके हैं। वहीँ 741 नए मदिरालय ( शराब )दुकान खुल रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार शिक्षा से ज्यादा शराब को महत्व दे रहे है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि शहर में अनेक अशासकीय अस्पताल अशासकीय स्कूल कॉलेज में मनमानी फीस लिए जाने से जनता में घोर नाराजगी है।उन्होंने सीधा आरोप लगाया है कि शासन प्रशासन ने इन्हें अनाप-शनाप फीस के रूप में खुली छूट दे रखी है। इसी से सत्ता पक्ष भाजपा का जनाधार घटता दिखाई दे रहा है।



राजनांदगांव शहर के प्राइवेट अस्पतालों के लिए तो यहां इलाज के नाम पर अनेक अस्पतालों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर आंदोलन तक हो चुके हैं गलत इलाज से मरीज का जान तक जा चुकी है। यह बात अलग है कि बाद में आपस में समझौता हो गया हो। स्कूलों में अनाप शनाप वसूली को लेकर पलक संघ कलेक्टर तक से शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है प्राइवेट स्कूल प्राइवेट अस्पतालों पर शासन प्रशासन द्वारा लगाम नहीं लगाए जाने से ऐसा लगता है कि आपस में मिली भगत करके जनता को चारागाह बना दिया गया है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com